+ Surface Mail (L.P.)
Desp. 1110+111 12-5-26

rediffmail Mailbox of skkataria64

Subject: Save water in Railways

From: Surendra Kataria<skkataria64@rediffmail.com> on Tue, 12 May 2026 17:29:52

To: "crb"<crb@rb.railnet.gov.in>,"sanjay.sehgal@gov.in"<sanjay.sehgal@gov.in>,"dscoord-dowr@gov.in"<dscoord-dowr@gov.in>,"js-mowr@nic.in"<js-mowr@nic.in>

---

1 .अध्यक्ष ,रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली।
2 .सचिव ,जल संसाधन,नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ,
जल शक्ति मंत्रालय ,भारत सरकार ,नई दिल्ली।

विषय – रेलवे यात्रा केदौरान बचे हुए पेयजल(बोतल में) के सदुपयोग के क्रम में।
महोदय ,
सादर निवेदन है कि -
1 .भारतीय रेलवे लगभग 14 लाख पानी की बोतल (एक लीटर यूनिट प्रत्येक) प्रतिदिन विक्रय करता है और इसके अतिरिक्त अन्य कम्पनियों की पानी – बोतल भी यात्री काम में लेते हैं। यह देखा गया है कि आम दिनों में औसतन दो – तिहाई यात्रियों की बोतल में 25 से 70 प्रतिशत पानी अप्रयुक्त रहता है जिसे कचरे के ढेर में बोतल सहित फेंक दिया जाता है। भारत जैसे देश में शुद्ध पानी की यह बर्बादी चिंताजनक है। क्या इस पानी को हम शौचालय में या एग्जिट गेट के पास कहीं एकत्र नहीं कर सकते हैं?
2 .रेलवे (एयरपोर्ट एवं माल्स में भी) के कुछ नए कोचेज में ऐसे वाश बेसिन लगे हैं जहाँ ऑटोमेटिक या सेंसर संचालित टूठी लगी है जो एक निश्चित मात्रा में पानी फेंक कर ही बंद होती है। मेरा अनुभव यह कहता है कि इस टूठी से अनावश्यक रूप से अतिरिक्त पानी बहता रहता है। इस दिशा में नए चिंतन और डिज़ाइन की आवश्यकता है।
कृपया समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
सादर
निवेदक
सुरेंद्र कटारिया
Cell- 9929115426

Scanned with OKEN Scanner